हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 27 मई 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आज सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन, परिवहन और प्रबंधन सहायता योजना, सार्थक-पीडीएस को जारी रखने की मंज़ूरी दी।
- रेल मंत्रालय ने देश की पहली हाइड्रोजन से चलने वाली डीईएमयू रेलगाड़ी चलाने की स्वीकृति दी- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और जींद वासियों ने इस रेल को जींद और सोनीपत के बीच चलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया।
- हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने पंचकूला में बिजली विभाग के कॉल सेंटर का औचक निरीक्षण किया, अधिकारियों को शहरो में दो घंटे और गाँव में चार घंटे के अंदर बिजली संबंधी शिकायतों के समाधान के निर्देश दिए।
- कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने धान की सीधी बिजाई पर बल दिया।
- पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ सहित देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी-
- प्रधानमंत्री की अपील पर हिसार में छबीले लगाकर राहगीरों को पानी पिलाया गया ।

---

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आज सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन, परिवहन और प्रबंधन सहायता योजना, सार्थक-पीडीएस को जारी रखने की मंज़ूरी दी। इसके लिए केंद्र सरकार की ओर से 25 हजार 530 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह योजना राज्य एजेंसियों को अंतरराज्यीय खाद्यान्न परिवहन में सहायता प्रदान करेगी, उचित मूल्य की दुकानों का समर्थन करेगी और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण में मदद करेगी।

---

रेल मंत्रालय ने देश की पहली हाइड्रोजन से चलने वाली 10 डिब्बों वाली डीईएमयू रेलगाड़ी चलाने की स्वीकृति दे दी है।यह रेलगाड़ी जींद और सोनीपत के बीच अधिकतम 75 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलेगी। इसमें दो ड्राइवर पावर कार और आठ पैसेंजर कोच शामिल हैं, जिनकी कुल क्षमता दो हजार पांच सौ यात्रियों की है। यह रेल शून्य कार्बन उत्सर्जन करती है। इसमें यात्रियों के लिए आधुनिक डिजिटल डिस्प्ले, ऑटोमेटिक दरवाजे और एयर कंडीशनिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हाइड्रोजन से चलने वाली देश की पहली डी ई एम यू रेलगाड़ी हरियाणा को देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यह रेलगाड़ी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रेल के विकास के इतिहास में नये अध्याय की शुरुआत है।

---

भारतीय रेलवे द्वारा देश की पहली 'हाइड्रोजन डीईएमयू रेल ' को आधिकारिक मंजूरी दिए जाने का जींद वासियों ने स्वागत किया है और इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया है।

जींद नगर परिषद की अध्यक्ष डॉ अनुराधा सैनी ने कहा कि यह जींद के लिए अत्यंत सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि आज जब दुनिया ईंधन की किल्लत और प्रदूषण की मार झेल रही है, ऐसे में यह शत-प्रतिशत प्रदूषण मुक्त रेल देश को एक नई दिशा दिखाएगी।

---

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने आज पंचकूला के सेक्टर 20 में बिजली विभाग के कॉल सेंटर का औचक निरीक्षण किया। मीडिया से बातचीत में श्री विज ने बताया कि निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां मौजूद कर्मचारियों से बातचीत की और उनकी कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी ली।

मोरनी क्षेत्र का उल्लेख करते हुए श्री विज ने बताया कि वहां पिछले दिन से बिजली आपूर्ति बाधित थी। इस संबंध में उन्होंने अधीक्षक अभियंता को मौके पर कर्मचारी भेज कर शीघ्र बिजली बहाल करने के निर्देश दिए।ऊर्जा मंत्री ने कहा कि विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि शहरी क्षेत्रों में बिजली संबंधी शिकायतों का समाधान अधिकतम दो घंटे के भीतर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में चार घंटे के भीतर सुनिश्चित किया जाए।

---

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने आज कैथल में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में कुल 12 शिकायतों पर सुनवाई हुई। 4 शिकायतकर्ता बैठक में नहीं पहुंचे जबकि 7 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया और 5 शिकायतों को लंबित रखा गया।बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में मंत्री ने धान की सीधी बिजाई पर बल दिया।

उन्होंने बताया कि सरकार किसानों को सीधी बिजाई अपनाने के लिए सीधे उनके खाते में 4500 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि देती है। उन्होंने आमजन से सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक उपयोग करने का आह्वान भी किया।

---

पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ सहित देश के की हिस्सों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से आमजन से अपील की है कि लू से बचाव के लिए अधिक से अधिक पानी पियें और घर से बाहर निकलते समय पानी अपने साथ रखें। श्री मोदी ने अगर संभव हो तो राहगीरों को भी पानी पिलाने को भी कहा। प्रधानमंत्री की अपील पर हिसार शहर में आज अनेक जगहों पर छबील लगाकर लोगों को मीठा पानी पिलाया गया।
हिसार से मेडिसन विभाग के विशेषज्ञ डॉ कुणाल नारंग ने बच्चों, बुजुर्गों, खुले में काम करने वाले किसानों और श्रमिकों को लू से बचने के लिए विशेष एहतियात बरतने की सलाह दी है।

---

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के नए अध्यक्ष शंकर लाल धूपड़ ने आज अपना पदभार संभाल लिया। पदभार संभालने से पहले उन्होंने बोर्ड परिसर में स्थापित माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना की।

पदभार ग्रहण करने के बाद श्री शंकर लाल धूपड़ ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता शिक्षा व्यवस्था में सुधार और बोर्ड परीक्षाओं को निष्पक्ष व पारदर्शी बनाना होगी। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं में नकल और बाहरी हस्तक्षेप को समाप्त करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। साथ ही बोर्ड की कार्यप्रणाली को अधिक जवाबदेह, तेज और विद्यार्थियों व शिक्षकों के लिए सुविधाजनक बनाया

जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की नई शिक्षा नीति को हरियाणा में पूर्ण रूप से लागू करना उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।

--------------------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग के माध्यम से PM कुसुम योजना के तहत प्रदेश के किसानों को खेतों में सौर ऊर्जा पंप लगाने के लिए 75 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जा रही है। ती है। किसान इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। इस पंप की कुल लागत का 30% केंद्र सरकार और 45% राज्य सरकार देती है। किसान को केवल अपनी तरफ से 25% राशि का भुगतान करना होता है। किसान अपनी जरूरत के अनुसार 3 हॉर्स पावर से लेकर 10 हॉर्स पावर तक के सौर ऊर्जा पंप लगा सकते हैं।

--------------------------------------------------------------------------------------------------------------